# हाईस्कूल परीक्षा–2012
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
# विषय–गणित
# कक्षा–10

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र की रूपरेखा–

<table>
<tr><th>क्रमांक</th><th>प्रश्नों के प्रकार</th><th>निर्धारित अंक</th><th>प्रश्नों की संख्या</th><th>कुल अंक</th><th>अनुमानित प्रतिशत</th></tr>
<tr><td>1</td><td>बहुविकल्पीय प्रश्न</td><td>01</td><td>06</td><td>06</td><td>09%</td></tr>
<tr><td>2</td><td>अति लघुउत्तरीय प्रश्न टाइप–1</td><td>01</td><td>04</td><td>04</td><td rowspan="2">29%</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अति लघुउत्तरीय प्रश्न टाइप–2</td><td>02</td><td>08</td><td>16</td></tr>
<tr><td>4</td><td>लघुउत्तरीय प्रश्न</td><td>04</td><td>08</td><td>32</td><td>45%</td></tr>
<tr><td>5</td><td>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न</td><td>06</td><td>02</td><td>12</td><td>17%</td></tr>
</table>

# हाईस्कूल परीक्षा–2012
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
# विषय–गणित
# कक्षा–10

समय–03 घण्टे पूर्णांक–70

1– सभी खण्ड कीजिए :

प्रत्येक खण्ड में उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही विकल्प छॉटकर उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

(क) (x-1/x)का ब्युत्क्रम व्यंजक है– 1

(i) x+1/x (ii) 1/x-x (iii) $1-x^2/x$ (iv) $x/x^2-1$

(ख) एक वित्तीय वर्ष की अवधि होती है– 1

(i) एक जनवरी से 31 दिसम्बर (ii) एक जुलाई से 30 जून

(iii) एक अप्रैल से 31 मार्च (iv) जनवरी से दिसम्बर

(ग) प्रथम दस अभाज्य संख्याओं की माध्यिका है– 1

(i) 5 (ii) 11 (iii) 12 (iv) 13

(घ) $\text{Sin}31^0/\text{Cos }59^0$ का मान होगा– 1

(i) 2 (ii) 1 (iii) ½ (iv) इनमें से कोई नही

(ङ) 5 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त में 8 सेमी माप की जीवा पर वृत्त के केन्द्र से खींची गये लम्ब की माप होगी– 1

(i) 6 सेमी (ii) 5 सेमी (iii) 4 सेमी (iv) 3 सेमी

(च) दो व्यंजकों का म0स0 H और ल0स0 L है। यदि उनमें से पहला व्यंजक A है तो दूसरा व्यंजक होगा– 1

(i) HA/L (ii) LA/H (iii) HL/A (iv) AHL


2– सभी खण्ड कीजिए–

(क) किसी वस्तु का विक्रय मूल्य रू0 500=00 है। यदि विक्रीकर की दर 4% हो तो वस्तु का कुल देय मूल्य कितना होगा? 1

(ख) $\cos(-690^0)$ का मान ज्ञात कीजिए। 1

(ग) संख्याओं 4,6,8,3,5,5,7,6,8,व 8 का बहुलक ज्ञात कीजिए। 1

(घ) चित्र में BCD का मान क्या होगा? 1



3– सभी खण्ड कीजिए।

(क) सिद्ध कीजिए $Cos^4A\text{-}Sin^4A=1\text{-}2Sin^2A$ 2

(ख) सिद्ध कीजिए कि अर्द्धवृत्त पर स्थित कोण समकोण होता है। 2

(ग) उस सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसका y अक्ष पर अन्तखण्डः–4 तथा x अक्ष से झुकाव $60^0$ है। 2

(घ) एक गोले की त्रिज्या 7 सेमी है। गोले का वक्रपृष्ठ व आयतन ज्ञात कीजिए। 2


4– सभी खण्ड कीजिए।

(क) एक लम्बवृत्तीय शंकु की ऊँचाई 8 सेमी और आधार का व्यास 12 सेमी है। लम्बवृत्तीय शंकु की तिर्यक ऊँचाई ज्ञात कीजिए। 2

(ख) यदि SinØ=3/5 तो Sin2Ø का मान ज्ञात कीजिए। 2

(ग) बिन्दु (1,2) और बिन्दु (3,1) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए। 2

(घ) ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है और PBQ बिन्दु B पर स्पर्श रेखा है। यदि DBP=65 है तो DCB का मान ज्ञात कीजिए। 2



5– सभी खण्ड कीजिए।

(क) समीकरण $2X^2+5X\text{-}6=0$ के मूल a तथा b हो तो $a^4b+ab^4$ का मान ज्ञात कीहिए। 4

(ख) यदि महेश की वार्षिक आय वर्ष 2010–11 में रू0 509900=00 है। उसने प्रधानमंत्री राहत कोष में रू0 50,000=00 जमा किया जिस पर 100% की छूट है, एक मन्दिर में रू0 10,000=00 दान दिया जिस पर 50% की छूट है, भविष्य निधि खाते में रू0 5,000=00 प्रतिमाह, रू0 10,000=00 वार्षिक जीवन बीमा में तथा रू0 35,000=00 का राष्ट्रीय बचत पत्र खरीदता है। आयकर की गणना कीजिए। 4
आयकर की दरें निम्नवत् है–

रू0 1,00,000=00 बचत पर 100% कर की छूट
रू0 1,60,000=00 तक– कोई कर नहीं
रू0 1,60,000=00 से रू0 5,00,000=00 तक–10%
रू05,00,001=00 से रू0 8,00,000= तक–20%
शिक्षा कर–3%

(ग) निम्न सारणी से माध्यिका ज्ञात कीजिए– 4

| x | 15 | 21 | 17 | 19 | 23 |
|---|---|---|---|---|---|
| f | 8 | 6 | 15 | 7 | 12 |

(घ) सिद्ध कीजिए कि 4

$\cos 20^0 \cos 40^0 \cos 60^0 \cos 80^0 = 1/16$

6– सभी खण्ड कीजिए–

(क) सिद्ध कीजिए कि वृत्त के किसी चाप से वृत्त के केन्द्र पर बना कोण शेष परिधि पर बने कोण का दूना होता है। 4

(ख) बिन्दु (4,3) और बिन्दु (6,5) के मध्य बिन्दु से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो रेखा $4x+5y+10=0$ पर लम्ब है। 4

(ग) सिद्ध कीजिए–$\sqrt{1+\sin A/1-\sin A}=\sec A-\tan A$ 4

(घ) एक शंकु वं एक गोलार्द्ध समान आधारके हैं। यदि शंकु और गोलार्द्ध की ऊँचाइयों का अनुपात 2:1 है, उनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए। 4

7– सभी खण्ड कीजिए–

(क) व्यंजक $x^3+3x^2+3x+1$ तथा व्यंजक $(x+1)^4$ का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए। 6

अथवा

समी $2(x^2+1/x^2)-9(x+1/x)+14=0$ को हल कीजिए।

(ख) दो वृत्तों के केन्द्रों के बीच की दूरी 10 सेमी है, जिनकी त्रिज्या क्रमशः 4.5 सेमी व 3.5 सेमी है। वृत्तों की उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा खींचिए तथा स्पर्श रेखा की लम्बाई नापकर लिखिये तथा गणना द्वारा उत्तर की जॉच कीजिए। 6

अथवा

एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसकी भुजाऍ क्रमशः 2.5 सेमी, 3.5 सेमी तथा 4.0 सेमी है। त्रिभुज के परिवृत्त की रचना कीजिए।

-----------------------------------------

# हाईस्कूल परीक्षा–2012
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
# विषय–प्रारम्भिक गणित
# कक्षा–10

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र की रूपरेखा–

<table>
<tr><th>क्रमांक</th><th>प्रश्नों के प्रकार</th><th>निर्धारित अंक</th><th>प्रश्नों की संख्या</th><th>कुल अंक</th><th>अनुमानित प्रतिशत</th></tr>
<tr><td>1</td><td>बहुविकल्पीय प्रश्न</td><td>01</td><td>06</td><td>06</td><td>09%</td></tr>
<tr><td>2</td><td>अति लघुउत्तरीय प्रश्न टाइप–1</td><td>01</td><td>04</td><td>04</td><td rowspan="2">29%</td></tr>
<tr><td>3</td><td>अति लघुउत्तरीय प्रश्न टाइप–2</td><td>02</td><td>08</td><td>16</td></tr>
<tr><td>4</td><td>लघुउत्तरीय प्रश्न</td><td>04</td><td>08</td><td>32</td><td>45%</td></tr>
<tr><td>5</td><td>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न</td><td>06</td><td>02</td><td>12</td><td>17%</td></tr>
</table>

# हाईस्कूल परीक्षा–2012
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
# विषय–प्रारम्भिक गणित
# कक्षा–10

समय–03 घण्टे पूर्णांक–70

1– सभी खण्ड कीजिए :

प्रत्येक खण्ड में उत्तर के लिए चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही विकल्प छॉटकर उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

(क) रू0 1,000=00 पर 10% वार्षिक की दर से दो वर्ष में चक्रवृद्धि ब्याज होगा– 1

(i) रू0 200 (ii) रू0 210 (iii) रू0 220 (iv) रू0 250

(ख) $2xy$ व $6x^2y^2$ का महत्तम समापवर्त्य होगा–

1

(i) $2x$ (ii) $2xy$ (iii) $6xy$ (iv) इनमें से कोई नही

(ग) संख्याओं 4,6,8,3,2,9,8,5 तथा 8 का बहुलक होगा– 1

(i) 4 (ii) 5 (iii) 6 (iv) 8

(घ) वृत्त के किसी चाप द्वारा केन्द्र और परिधि पर बने कोणों में अनुपात होता है– 1

(i) 1:2 (ii) 2:1 (iii) 1:1 (iv) 1:3

(ङ) एक गोले की त्रिज्या $\sqrt{3}$ सेमी है। इसका वक्रपृष्ठ होगा– 1

(i) $12\pi$ वर्ग सेमी (ii) $4\sqrt{3}\pi$ वर्ग सेमी (iii) $6\pi$ वर्ग सेमी (iv) $2\sqrt{3}\pi$ वर्ग सेमी

(च) वह चेक जिसका भुगतान केवल प्राप्तकर्ता के खाते में किया जाता है, कहलाता है– 1

(i) आदिष्ट चेक (ii) रेखांकित चेक (iii) वाहक चेक (iv) यात्री चेक


2– सभी खण्ड कीजिए–

(क) $9x^2-64$ का गुणनखण्ड कीजिए। 1

(ख) एक बेलन के आधार का व्यास 7 सेमी है तथा उसकी ऊँचाई 5 सेमी है। इस बेलन का वक्रपृठ ज्ञात कीजिए। 1

(ग) यदि 8,10,9,11 व $x$ का समान्तर माध्य 10 हो तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए। 1

(घ) चित्र में $AB$ वृत्त का व्यास है तथा $COB = 40^0$, $CAB$ की माप ज्ञात कीजिए। 1



3— सभी खण्ड कीजिए।

(क) एक लम्बवृत्तीय शंकु के आधार का क्षेत्रफल 25 सेमी$^2$ तथा उसकी ऊँचाई 9 सेमी है। शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। 2

(ख) समीकरण $3x+y=13$, $2y-x=1$ को हल कीजिए। 2

(ग) ऑकड़ों 10,15,19,16,12,14,11 और 20 की माध्यिका ज्ञात कीजिए। 2

(घ) रू0 1,000=00 का 10% वार्षिक ब्याज की दर से दो वर्ष का मिश्रधन ज्ञात कीजिए। 2

4— सभी खण्ड कीजिए।

(क) निम्नलिखित सारणी से माध्यिका ज्ञात कीजिए। 2

| आयु (वर्षों में) | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 8 | 12 | 15 | 9 | 7 | 5 | 6 |

(ख) उस द्विघात समीकरण को ज्ञात कीजिए जिसके मूल −3 और −1 है। 2

(ग) किसी दो अंकीय संख्या का इकाई का अंक दहाई के अंक का तीन गुना है और अंको का योग 8 है, संख्या ज्ञात कीजिए। 2

(घ) 2 और 20 के बीच विषम संख्याओं का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए। 2

5— सभी खण्ड कीजिए।

(क) दो लम्बवृत्तीय शंकुओं के आधार बराबर हैं। उनकी ऊँचाइयों का अनुपात 4:5 है। यदि बड़े शंकु का आयतन $765\pi$ सेमी$^3$ हो, तो छोटे शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। 4

(ख) निम्नलिखित सारणी से समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए। 4

| वर्ग—अन्तराल | 0—10 | 10—20 | 20—30 | 30—40 | 40—50 | 50—60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारम्बारता | 4 | 6 | 10 | 16 | 20 | 25 |


(ग) नरेश ने रू0 7,000=00 में एक टी0वी0 खरीदा और रू0 1,000=00 उसी समय भुगतान कर दिया। उसने शेष राशि का भुगतान तीन समान मासिक किस्तों में देने का वादा किया। यदि शेष पर 9% वार्षिक व्याज संयोजित कर प्रत्येक किस्त में जोड़ दिया जाता है, तो प्रत्येक किस्त का मान ज्ञात कीजिए। 4

(घ) चक्रीय चतुर्भुज ABCD के विकर्ण AC और BD एक दूसरे को समकोण पर प्रतिच्छेदित करते हैं यदि $BAC=40^0$ और $CBD=30^0$ तो चतुर्भुज के चारों कोणों की माप ज्ञात कीजिए। 4

6– सभी खण्ड कीजिए।

(क) दो क्रमागत धनात्मक विषम संख्याओं के वर्गों का योगफल 394 है। संख्यायें ज्ञात कीजिए। 4

(ख) चित्र में वृत्त की त्रिज्या $OA=\sqrt{2}$ सेमी तथा जीवा $AB=\sqrt{2}$ सेमी APB का मान ज्ञात कीजिए। 4



(ग) धातु के 3 सेमी त्रिज्या और 13.5 सेमी ऊर्ध्व ऊँचाई के 3 लम्बवृत्तीय शंकुओं को पिघलाकर एक ठोस गोला बनाया गया है। इस प्रकार बने गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। 4

(घ) ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB=AD और BD=CD और DBC=2 ABD है। सिद्ध कीजिए ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है। 4

7– सभी खण्ड कीजिए–

(क) वित्तीय वर्ष 2010–2011 में दिनेश की वार्षिक आय रू0 3,60,000=00 है। धारा 80 C के अन्तर्गत आयकर से छूट की अधिकतम सीमा रू0 1,00,000=00 है। धारा 80 C के अन्तर्गत वह प्रतिमाह रू0 4,500=00 सामान्य भविष्य निधि में जमा करता है, जीवन बीमा की वार्षिक किस्त रू0 6600=00 जमा करता है, तथा रू0 30,000=00 का राष्ट्रीय बचत पत्र खरीदता है। वह जवाहर लाल नेहरू स्मारक कोष में रू0 20,000=00 जमा करता है जिसका धारा 80 G के अन्तर्गत 50 % आयकर से मुक्त है। दिनेश द्वारा देय आयकर की गणना कीजिए। 6

| आयकर योग्य वार्षिक आय | आयकर की दर |
|---|---|
| रू0 1,60,000 | शून्य |
| रू0 1,60,001से रू0 5,00,000 तक | रू0 1,60,000 से अधिक की आय का 10 % |

अथवा

वैभव रू0 36=00 के बिस्कुट खरीदता है जिस पर बिक्रीकर की दर 7% है। वह रू0 35=00 की कीमत की शेविंग क्रीम भी खरीदता है जिस पर बिक्रीकर की दर 10% है। ज्ञात कीजिए कि वैभव को कुल कितनी राशि देनी होगी?

(ख) त्रिभुज ABC की रचना कीजिए जिसमें भुजा AB=5 सेमी भुजा AC=13 सेमी तथा $A=90^0$ है। इस त्रिभुज के परिवृत्त की रचना कीजिए। 6

अथवा

3 सेमी और 6 सेमी की त्रिज्याओं से दो वृत्त खींचिए, जिनके केन्द्रों के बीच की दूरी 9 सेमी है। उन दो वृत्तों की उभयनिष्ठ तिर्यक स्पर्श रेखाएँ खीचिए। रचना विधि लिखिए।

--------------------------------